कालेज कोड-2078

मो०नं०-9919460000

# अजय पाल सिंह महाविद्यालय

नेकपुर हातिमपुर, सांडी, हरदोई (पिन कोड-241403)

पत्रांक: APS/AFF/25/2024 दिनांक- ~~08~~ 12/08/2024

कुल सचिव का कार्यालय
आवक प्राप्ति
क्रमांक 9035
दिनांक 12/08/24
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ-226007

सेवा में

श्रीमान कुलसचिव महोदय

लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ

विषय – सहा० आचार्य नियुक्ति हेतु दिए गए विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में|

महोदय

उपरोक्त विषयक सादर अनुरोध है कि विश्वविद्यालय के पत्र पत्रांक R/519/सम्ब. अनु./2024 दिनांक 13/07/2024 के द्वारा महाविद्यालय को स्नातक स्तर पर बी०ए० में इतिहास, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान की अस्थाई सम्बद्धता प्रदान की गयी है| उक्त विषयों के सहा० आचार्य नियुक्ति हेतु दैनिक आज समाचार पत्र में दिनांक 28/07/2024, 30/07/2024, 01/08/2024 को तथा दैनिक अमृत विचार समाचार पत्र में दिनांक 28/07/2024, 01/08/2024, 05/08/2024 को विज्ञापन/ सूचना प्रकाशित करवाई गयी थी जिसे लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है |

अत: आपसे अनुरोध है कि सहा० आचार्य नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन/सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें|

संलग्नक:-

(1) दैनिक आज दिनांक 28/07/2024, 30/07/2024, 01/08/2024 के समाचार पत्र की प्रति|

(2) दैनिक अमृत विचार दिनांक 28/07/2024, 01/08/2024, 05/08/2024 के समाचार पत्र की प्रति|

भवदीय

Anil Kumar

प्रबन्धक

अजयपाल सिंह महाविद्यालय

नेकपुर हातिमपुर, साण्डी हरदोई

O.S. Cahilcolony

pay

12/8/2024

# कुलसचिव कार्यालय

## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या : R/519 / सम्ब.अनु. / 2024

दिनांक : 13/07/2024

रजिस्टर्ड / स्पीडपोस्ट / व्यक्तिगत

सेवा में,

प्रबन्धक,
अजयपाल सिंह डिग्री कालेज,
हरदोई।

महोदय,

कृपया स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0ए0 अतिरिक्त विषय (अर्थशास्त्र, इतिहास एवं राजनीति विज्ञान) की सहयुक्तता प्रदान किये जाने विषयक प्रस्तुत निरीक्षण आख्या दिनांक 16.06.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्रस्तावित **उक्त पाठ्यक्रम की अस्थायी सहयुक्तता** हेतु गठित निरीक्षण मण्डल की प्राप्त स्थलीय निरीक्षण आख्या में प्राप्त संस्तुति एवं महाविद्यालय के प्रस्ताव के परिप्रेक्ष्य में कार्य परिषद की बैठक दिनांक **09.07.2024** के विनिश्चय संख्या : **02 / 2024 / 01(15)** द्वारा **बी0ए0** अति.विषय (चित्रकला, भूगोल एवं गृह विज्ञान) में सत्र 2024–25 **से तीन वर्षों हेतु अस्थायी** सहयुक्तता अधोलिखित शर्तों के अधीन प्रदान कर दी गयी है :–

1. **विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सहयुक्तता शुल्क** (पाठ्यक्रम हेतु रू0 एक लाख एवं अतिरिक्त विषय हेतु रू0 पचास हजार + 18 प्रतिशत जी0एस0टी0की धनराशि सहित) विश्वविद्यालय के खाते में ऑनलाइन जमा कर उसकी रसीद की प्रति प्रवेश की अनुमति से पूर्व उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा की स्थिति में प्रदान की सहयुक्तता स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
2. **मानकानुसार शिक्षकों का अनुमोदन प्राप्त कर प्रवेश की अनुमति प्राप्त कर ली जायेगी। प्रवेश की अनुमति के बिना यदि प्रवेश लिया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा उनकी परीक्षायें नहीं करायी जायेंगी जिसके महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।**
3. समय–समय पर उ0प्र0 शासन व विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।
4. प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं का अनुमोदन विश्वविद्यालय से प्राप्त कर उनके वेतन का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जायेगा।
5. महाविद्यालय की वेबसाईट तथा विश्वविद्यालय के यू0डी0आर0सी0 पोर्टल पर प्राचार्य व प्रवक्ताओं का पूर्ण विवरण अपलोड किया जायेगा।
6. संस्थान द्वारा प्रवेश व परीक्षा आदि के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन / विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रबन्धक
अजयपाल सिंह महाविद्यालय
नैकपुर, हातिमपुर, साण्डी, हरदोई

संख्या :      दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेपित :–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
2. गार्ड फाईल।

कुलसचिव



# न वितरण किया

याण समिति के माध्यम से होने वाली
में बाढ़ से त्रस्त लोगो मे गुरुद्वारा के
के साथ ही उनकी हर सम्भव मदद के
क शनिवार अथवा रविवार को भोजन
कि हमेशा आप सभी के सहयोग से
चढ़कर सहयोग की अपील की। इस
सिंह, श्रद्धा मिश्रा, डा सोहिनी द्विवेदी,

# की आत्महत्या

नाशक दवाई पी ली,जिससे उसकी तबियत
शों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका।
पांच भाइयों में सबसे छोटा था,वह खेती-
लिए खरीद कर रखी गई कीट नाशक दवाई
हां डाक्टरों ने उसे बचाने की तमाम कोशिशें
क पीने की बात से इंकार कर रहें हैं। उन्होंने

हरदोई 27 जुलाई। लेखपाल ने जाति-निवास प्रमाण पत्र बनवाने पहुंची महिला को काम पर रखने का झांसा दिया। उसने महिला को अपने इतना करीब पहुंच गया कि उसे शराब पिलाई और फिर उसके साथ रेप किया। पुलिस ने केस दर्ज कर रेपिस्ट लेखपाल को गिरफ्तार कर सारे मामले की जांच शुरु कर दी। बताया गया है कि मझिला थाने के एक गांव की रहने वाली दलित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि आरोपी लेखपाल बंशराज निषाद उसके गांव में तैनात हैं। जाति-निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए वह उसके पास पहुंची। लेखपाल ने उसे अपने कमरें पर खाना बनाने और बर्तन साफ करने के लिए काम देने का झांसा दिया। महिला का कहना है कि काम-धंधे की लालच में वह लेखपाल के झांसे में आ गई। लेखपाल ने उसे अपने कमरे पर बुलाया, जहां उसे शराब पिलाई,फिर उसके साथ रेप किया। महिला का कहना है कि आरोपी लेखपाल पहले भी उसके साथ शराब पिलाकर कई बार रेप कर चुका है। पुलिस ने दी गई तहरीर पर लेखपाल के खिलाफ रेप का केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ शाहाबाद राजदेव मिश्रा ने बताया कि आरोपी लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।


## आवश्यकता है
## अजय पाल सिंह महाविद्यालय
### नेकपुर हातिमपुर साडी (हरदोई) में

1. प्राचार्य –एक पद
2. सहायक आचार्य:– (हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, अर्थशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, संस्कृत, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान) प्रत्येक एक पद
3. प्रवक्ता परा स्नातक स्तर:– (हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल, शिक्षा शास्त्र, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान) प्रत्येक एक पद

योग्यता एवं वेतन यूजीसी के मानकानुसार

मो.:–9919460000